**पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएफसी)**
**(भारत सरकार का उपक्रम)**

**कॉर्पोरेट कार्यालय : "ऊर्जानिधि", 1, बाराखंबा लेन, कनॉट प्लेस,**

**नई दिल्ली-110001, भारत**

**बोली संख्या : 04:03:11:10:1:20:खंड-I दिनांक 07 मई, 2019**

**बोली आमंत्रण सूचना**
**(केवल ई-टेंडर विधि के माध्यम से)**

**प्रत्यक्ष कर मामलों के लिए परामर्शदाता की तैनाती के लिए**

| | |
|---|---|
| बोली दस्तावेज की निर्गम तारीख : | 07 मई, 2019 |
| निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख :<br>*समय : 11:00* बजे तक | 23 मई, 2019 |
| तकनीकी बोली खोलने की तारीख :<br>*समय: 11:30* बजे तक | 23 मई, 2019 |
| वित्तीय बोली खोलने की तारीख एवं समय | पात्र बोलीदाताओं को बाद में सूचित किया जाएगा |

**आधिकारिक निविदा दस्तावेज** https://www.tcil-india-electronictender.com से निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के लिए उपर्युक्त वेबसाइट पर पंजीकरण के बाद डाउनलोड करने होंगे।

## विषय-सूची


| क्र. सं. | खंड | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|---|
| **1.** | **खंड I** | कार्य का क्षेत्र | 3 |
| **2.** | **खंड II** | पात्रता के मानदंड तथा बोली मूल्यांकन | 5 |
| **3.** | **खंड III** | नियुक्ति की अवधि तथा भुगतान की शर्तें | 8 |
| **4.** | **खंड IV** | सामान्य शर्तें एवं नियम | 9 |
| **5.** | **खंड V** | ई-टेंडरिंग के लिए बोलीदाताओं हेतु विशेष अनुदेश | 11 |
| अनुलग्नक : | | | |
| अनुलग्नक क | | तकनीकी बोली - बोली का फॉर्म | 18 |
| अनुलग्नक ख | | तकनीकी बोली - बोलीदाताओं का ब्यौरा | 20 |
| अनुलग्नक ग | | तकनीकी बोली - पात्रता के मानदंड | 21 |
| अनुलग्नक घ | | तकनीकी बोली – वचनबंध | 23 |
| अनुलग्नक ङ | | वित्तीय बोली - मूल्य अनुसूची | 25 |

## खंड - I

## कार्य का क्षेत्र

कॉर्पोरेशन प्रत्यक्ष कर के मामलों को संभालने / उन पर सलाह देने के लिए दो साल की अवधि के लिए प्रतिधारण आधार पर प्रत्यक्ष कर परामर्शदाता की नियुक्ति करना चाहता है। कार्य का प्रस्तावित क्षेत्र सांकेतिक है, न कि परिपूर्ण तथा इसमें शामिल हैं :

**भाग क - प्रत्यक्ष कर के मामले**

- विवरणियों में संशोधन, यदि कोई हो, सहित कॉर्पोरेशन की आयकर विवरणियों को अंतिम रूप देना और पुनरीक्षण करना।
- निम्नलिखित में सहायता करना और उनका सत्यापन करना -

  (i) कॉर्पोरेशन द्वारा भुगतान किए जाने वाले अग्रिम आयकर, स्वयं निर्धारण कर, लाभांश वितरण कर तथा प्रत्यक्ष करों के अन्य भुगतानों की गणना करना और

  (ii) मैट सहित आयकर के लिए प्रावधान की गणना करना।

- उपयुक्त प्राधिकारियों द्वारा शुरू की गई यथालागू दंड की कार्यवाहियों सहित कर निर्धारण / पुनः कर निर्धारण की कार्यवाहियों, मांगों / परिशोधन के आवेदनों / आदेशों की समीक्षा समेत प्रत्यक्ष कर के सभी अनुपालन जिसमें जवाब तैयार करना / दाखिल करना, मांग का स्टे लेना और प्रस्तुत करना एवं अभिवेदन करना, रिफंड प्राप्त करने / मांगों के निस्तारण के लिए आयकर प्राधिकारियों के साथ लगे रहना, सहायता करना और समन्वय करना शामिल है।
- निजी एवं कार्पोरेट कराधान से संबंधित आयकर मामलों पर सलाह / राय देना।
  - एफएटीसीए सहित अंतरराष्ट्रीय कराधान, डीटीएए / आयकर अधिनियम तथा कंपनी के अंतरराष्ट्रीय लेन-देन के लिए भुगतानों के लिए लाभार्थी के आवासीय स्तर तथा रोजमर्रा के कामकाज में अंतरराष्ट्रीय कराधान से संबंधित अन्य बातों के आलोक में अनिवासियों को ब्याज / व्यवस्था शुल्क / एजेंसी शुल्क / किसी अन्य भुगतान के भुगतान पर कर काटने के बारे में सलाह देना।
- कर की योजना बनाने में कॉर्पोरेशन की सहायता करना, कॉर्पोरेशन की कर की स्थितियों का आकलन करना तथा आर्थिक दृष्टि से दक्ष विभिन्न उपलब्ध विकल्पों पर सलाह देना।
- किसी ऐसे परिवर्तन तथा कॉर्पोरेशन पर उसके प्रभाव के बारे में कॉर्पोरेशन को सूचित रखना जो समय समय पर प्रत्यक्ष कर कानूनों में हो सकते हैं।
- आईसीडीएस, टीडीएस और टीडीएस कार्यवाही आदि सहित प्रत्यक्ष करों से संबंधित कोई अन्य मामला।

**भाग ख - सीआईटी (अपील) / आईटीएटी के समक्ष अपील**

परामर्शदाता से संविदा की अवधि के दौरान उत्पन्न अपीलों को उनके अंतिम निस्तारण तक संभालने की अपेक्षा होगी। इस संबंध में कार्य का क्षेत्र नीचे दिया गया है :

- की गई / पुष्टि की गई अस्वीकृतियों के लिए एओ / सीआईटी (ए) के आदेश का विश्लेषण करना।
- सीआईटी (ए) / आईटीएटी के समक्ष अपील करने के लिए अपील के आधार तथा तथ्यों का विवरण तैयार करना और अपील दाखिल करना।
- समय समय पर यथाअपेक्षित प्रस्तुतियां तैयार करना और दाखिल करना।
- सीआईटी (ए) / आईटीएटी के समक्ष निर्धारित सुनवाई के लिए कॉर्पोरेशन का प्रतिनिधित्व करना।
- निम्नलिखित के लिए सीआईटी (ए) / आईटीएटी के आदेश का अवलोकन करना :
  (i) कॉर्पोरेशन को लाभ,
  (ii) सीआईटी (ए) / आईटीएटी के आदेश से स्पष्ट त्रुटियों के लिए आईटीएटी / उच्च न्यायालय के समक्ष अपील या कोई परिशोधन आवेदन दाखिल करने की आवश्यकता।
- अपीलों से संबंधित कोई अन्य मामला।

**भाग ग - प्रमाणन का कार्य**

विदेशी मुद्रा प्रेषण / विदेशी मुद्रा उधारी या किसी अन्य संबंधित मुद्दे से संबंधित ऐसे प्रमाण पत्र जारी करना जो आयकर अधिनियम, 1961 / आयकर नियमावली, 1962 / अन्य संविधियों के अंतर्गत अपेक्षित हो सकते हैं जिन्हें प्राप्त करने के लिए कॉर्पोरेशन निर्णय ले सकता है।

## खंड - II

## पात्रता के मानदंड तथा बोली मूल्यांकन

### क. तकनीकी बोली का मूल्यांकन :

बोली प्रस्तुत करने के लिए पात्र होने हेतु बोलीदाता को निम्नलिखित सभी मानदंडों का निर्वहन करने की आवश्यकता है। नीचे दिए गए मानदंडों तथा वेटेज के आधार पर बोलीदाताओं की तकनीकी क्षमता का मूल्यांकन किया जाएगा :

| क्र. सं. | पात्रता के मानदंड | अधिकतम प्राप्तांक | अपेक्षित दस्तावेज |
|---|---|---|---|
| 1. | बोलीदाता न्यूनतम 12 साल के अनुभव के साथ आईसीएआई के यहां पंजीकृत प्रतिष्ठित चार्टर्ड एकाउंटेंसी फर्म होनी चाहिए तथा दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में आधारित होनी चाहिए। 12 साल के अनुभव के लिए अधिकतम अंक 5 होंगे। अनुभव के प्रत्येक अतिरिक्त कुल वर्ष के लिए अधिकतम 10 अंक के अधीन 1 अतिरिक्त अंक प्रदान किया जाएगा। | 10 | • आईसीएआई द्वारा जारी किए गए फर्म के पंजीकरण प्रमाण पत्र की प्रति। |
| 2. | कम से कम 2 भागीदारों के साथ अधिकतम 6 भागीदार जिनके पास कराधान के क्षेत्र में कम से कम 10 साल का अनुभव हो। इस मानदंड के लिए अधिकतम अंक 15 होंगे। 6 के बाद प्रत्येक अतिरिक्त भागीदार के लिए अधिकतम 20 अंक के अधीन 1 अतिरिक्त अंक प्रदान किया जाएगा। | 20 | • सदस्यता संख्या तथा आईटीएटी / एएआर तथा उच्च स्तर पर मामलों के ब्यौरों सहित मानदंड की पूर्ति स्थापित करने वाले अन्य दस्तावेजी साक्ष्य के साथ प्रासंगिक अनुभव का संक्षिप्त ब्यौरा प्रदान करते हुए |
| 3 | न्यूनतम 4 वेतनभोगी अर्हताप्राप्त चार्टर्ड एकाउंटेंट (भागीदारों से भिन्न) या अधिवक्ता जिनमें से चार के पास कराधान के क्षेत्र में कम से कम 5 साल का अनुभव होना | 20 | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | चाहिए। इस मानदंड के लिए अधिकतम अंक 15 होंगे। 8 के बाद प्रत्येक अतिरिक्त वेतनभोगी अर्हताप्राप्त चार्टर्ड एकाउंटेंट / अधिवक्ता के लिए अधिकतम 20 अंक के अधीन 1 अतिरिक्त अंक प्रदान किया जाएगा। | | भागीदारों एवं अर्हताप्राप्त सीए / अधिवक्ताओं का जीवनवृत्त। |
| 4 | मौजूदा भागीदार / वेतनभोगी व्यावसायिक जिनके पास पिछले चार वर्षों में आईटीएटी / एएआर एवं इससे उच्च स्तर पर निर्णीत किए गए कम से कम 5 मामलों को संभालने का अनुभव है। इस मानदंड के लिए अधिकतम अंक 15 होंगे, पिछले चार वर्षों में संभाले गए प्रत्येक अतिरिक्त मामले के लिए अधिकतम 20 अंक के अधीन 2 अतिरिक्त अंक प्रदान किए जाएंगे। | 20 | |
| 5 | बोलीदाता द्वारा पिछले 4 वर्षों में कम से कम 1 वर्ष की सतत अवधि के लिए प्रतिधारण आधार पर 1000 करोड़ रुपए से अधिक वार्षिक राजस्व वाले कम से कम दो महारत्न / नवरत्न / मिनीरत्न पीएसयू / अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक / सूचीबद्ध वित्तीय संस्था / एनबीएफसी / पब्लिक लिमिटेड कंपनी के समान समनुदेशन हाथ में लिया गया होना चाहिए। इस मानदंड के लिए अधिकतम अंक 15 होंगे। पिछले 4 वर्षों के दौरान कम से कम एक साल की सतत अवधि के लिए संभाले गए प्रत्येक अतिरिक्त समान समनुदेशन के लिए अधिकतम 20 अंक के अधीन 1 अतिरिक्त अंक प्रदान किया जाएगा। | 20 | • सेवाओं के निष्पादन का प्रमाण / अन्य प्रत्यय पत्र (उदाहरण के लिए नियुक्ति पत्र, प्रदान की गई सेवा को दर्शाने वाला समाप्ति प्रमाण पत्र आदि) तथा ग्राहक का लेखा-परीक्षित लाभ एवं हानि लेखा विवरण। |
| 6 | बोलीदाता का पिछले 4 (चार) पूरे किए गए वित्तीय वर्षों के दौरान औसत वार्षिक सकल प्राप्ति / करोबार 2 (दो) करोड़ रुपए होना चाहिए। इस मानदंड के लिए अधिकतम अंक 5 | 10 | औसत वार्षिक सकल प्राप्ति / कारोबार का सुनिश्चय करने के लिए लेखा परीक्षित वित्तीय विवरण। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | होंगे। 1 (एक) करोड़ रुपए के प्रत्येक अतिरिक्त पूर्ण कारोबार के लिए अधिकतम 10 अंक के अधीन 1 अतिरिक्त अंक प्रदान किया जाएगा। | | |
| | **कुल** | 100 | |

कम से कम 70 अंक (तकनीकी मानदंडों में) प्राप्त करने वाले बोलीदाता को तकनीकी दृष्टि से अर्हताप्राप्त बोलीदाता के रूप में चुना जाएगा।

**<u>टिप्पणी :</u>**

1. तकनीकी मूल्यांकन में अर्हता प्राप्त करने के लिए बोलीदाता को सभी श्रेणियों में पात्रता के न्यूनतम निर्धारित मानदंडों को पूरा करना होगा।
2. बोलीदाता द्वारा तैयार की गई तकनीकी बोली में निम्नलिखित शामिल होंगे :
   (i) अनुबंध क में यथानिर्दिष्ट बोली फॉर्म
   (ii) अनुबंध ख में यथानिर्दिष्ट बोलीदाता का ब्यौरा
   (iii) सभी दस्तावेजी साक्ष्यों के साथ अनुबंध ग में यथानिर्दिष्ट पात्रता के मानदंड

   (iv) अनुबंध घ में यथानिर्दिष्ट वचनबंध
3. केवल उन्हीं बोलीदाताओं की तकनीकी बोली का मूल्यांकन किया जाएगा जिनके पात्रता के मानदंडों के दस्तावेज निम्नानुसार पाए जाएंगे।
4. ऊपर यथाउल्लिखित सभी दस्तावेजी साक्ष्य के साथ तकनीकी बोली के आधार पर विस्तृत तकनीकी मूल्यांकन किया जाएगा।
5. बोलियों के मूल्यांकन के दौरान पीएफसी अपने विवेक के आधार पर बोलीदाताओं से उनकी बोलियों के स्पष्टीकरण के लिए मांग कर सकता है, यदि आवश्यक हो।
6. वर्ष का अभिप्राय पूर्ण वित्तीय वर्ष से है।

**ख. वित्तीय बोली का मूल्यांकन :**

केवल तकनीकी दृष्टि से अर्हताप्राप्त बोलीदाताओं की वित्तीय बोलियां खोली जाएंगी और मूल्यांकन किया जाएगा।

तकनीकी दृष्टि से अर्हताप्राप्त बोलीदाताओं से सफल बोलीदाता का अंतिम चयन निम्नलिखित मानदंडों और वेटेज का प्रयोग करके कार्य के क्षेत्र (प्रत्यक्ष कर मामले) के भाग क के लिए तकनीकी बोली एवं वित्तीय बोली को ध्यान में रखते हुए किया जाएगा :

| **मानदंड** | **अधिकतम अंक (वेटेज)** | **संयुक्त प्राप्तांक के लिए अंक प्रदान करने की विधि** |
|---|---|---|
| वित्तीय | 40 | न्यूनतम कोटेशन वाले बोलीदाता को 40 अंक प्रदान किए जाएंगे तथा अन्य बोलीदाताओं को उसी अनुपात में कम अंक प्रदान किए जाएंगे। उदाहरण के लिए यदि न्यूनतम कोटेशन 60 रुपए है तो यह मूल्य उद्धृत करने वाले बोलीदाता को 40 अंक मिलेंगे। 100 रुपए उद्धृत करने वाले बोलीदाता को (60/100) □ 40 = 24 अंक मिलेंगे। |
| तकनीकी | 60 | अधिकतम तकनीकी प्राप्तांक वाले बोलीदाता को 60 अंक प्रदान किए जाएंगे तथा अन्य बोलीदाताओं को उसी अनुपात में कम अंक प्रदान किए जाएंगे। उदाहरण के लिए यदि सर्वोच्च तकनीकी प्राप्तांक 80 है तो इस प्राप्तांक वाले बोलीदाता को 60 अंक मिलेंगे। जिस बोलीदाता का तकनीकी प्राप्तांक 70 है उसे [70/80] □ 60=52.50 अंक मिलेंगे। |
| कुल | 100 | |

**<u>टिप्पणियां :</u>**

(क) अनुबंध ड. के अनुसार वित्तीय बोली केवल ऑनलाइन प्रस्तुत की जानी है।

(ख) सभी अंकों को दशमलव के 2 स्थान तक पूर्णांकित किया जाएगा। 100 में से अधिकतम संयुक्त प्राप्तांक प्राप्त करने वाले बोलीदाता को सफल बोलीदाता के रूप में चयनित किया जाएगा।

(ग) प्राप्तांक बराबर होने के मामले में ऐसे बोलीदाता को प्राथमिकता दी जाएगी जिसके वित्तीय प्राप्तांक अधिक होंगे अर्थात जिन्होंने खंड 1 (प्रत्यक्ष कर मामले) के भाग क के लिए कम शुल्क उद्धृत किया है। वित्तीय और तकनीकी दोनों प्राप्तांकों के बराबर होने के मामले में कॉर्पोरेशन अपने एकमात्र विवेक के आधार पर बोलीदाताओं में से किसी एक को कार्य सौंप सकता है।

(घ) यदि सीआईटी (ए) / आईटीएटी के समक्ष अपील (खंड 1 में यथाउल्लिखित कार्यक्षेत्र का भाग ख) के समक्ष अपील उपर्युक्त सफल बोलीदाता द्वारा उद्धृत शुल्क और/या

प्रमाणन शुल्क (खंड 1 में यथाउल्लिखित कार्यक्षेत्र का भाग ग) न्यूनतम नहीं है तो सफल बोलीदाता से खंड 1 के भाग ख और/या भाग ग में यथाउल्लिखित कार्यक्षेत्र के लिए तकनीकी दृष्टि से अर्हताप्राप्त सभी बोलीदाताओं में उद्धृत न्यनूतम शुल्क से मैच कराने की अपेक्षा होगी। इसके लिए बोलीदाता यह वचन देगा कि खंड 1 के भाग क में यथाउल्लिखित कार्यक्षेत्र के लिए सफल बोलीदाता के रूप में उसका चयन होने की स्थिति में वह खंड 1 के भाग ख और/या भाग ग में यथाउल्लिखित कार्यक्षेत्र के लिए तकनीकी दृष्टि से अर्हताप्राप्त सभी बोलीदाताओं में उद्धृत न्यनूनतम शुल्क से मैच करने के लिए सहमत होगा। यदि बोलीदाता उक्त वचनबंध नहीं देगा तो उसकी बोली अस्वीकार कर दी जाएगी।

(ड.) पीएफसी खंड 1 में यथाउल्लिखित सभी या किसी कार्यक्षेत्र को तकनीकी दृष्टि से अर्हताप्राप्त किसी बोलीदाता को आवंटित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

(च) पीएफसी कोई कारण बताए बगैर किसी या सभी बोलियों को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार रखता है।

(छ) तकनीकी दृष्टि से अर्हताप्राप्त बोलीदाताओं की वित्तीय बोलियां निर्धारित तारीख एवं समय तथा स्थान पर, जिसके बारे में तकनीकी दृष्टि से अर्हताप्राप्त बोलीदाताओं को सूचित किया जाएगा, उनके प्रतिनिधियों, जो उपस्थित होने का विकल्प चुनेंगे, की उपस्थिति में खोली जाएंगी।

(ज) यदि शब्दों एवं अंकों में लिखी गई राशि के बीच विसंगति होगी, तो शब्दों में लिखी गई राशि मान्य होगी।

## खंड III

## नियुक्ति की अवधि तथा भुगतान की शर्तें

### 1. नियुक्ति की अवधि

शुरू में कार्य सौंपे जाने की तारीख से दो वर्ष की अवधि के लिए जो समान दरों, शर्तों एवं नियमों पर एक साल की अगली अवधि के लिए बढ़ाई जा सकती है। तथापि, कॉर्पोरेशन कोई नोटिस दिए बगैर या कारण बताए बगैर समनुदेशन की अवधि के दौरान किसी भी समय समनुदेशन को समाप्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

### 2. भुगतान की शर्तें

क) **प्रत्यक्ष कर मामलों** के लिए चार समान किस्तों में वार्षिक प्रतिधारण शुल्क प्रत्येक तिमाही की समाप्ति के बाद देय है।

ख) **सीआईटी (ए) / आईटीएटी** के समक्ष अपीलों के संपूर्ण कार्यक्षेत्र को संभालने के लिए देय शुल्क का **भुगतान निम्नानुसार किया जाएगा :**

- अपील का आधार और/या तथ्यों का विवरण तैयार करने और सीआईटी (ए) / आईटीएटी के समक्ष दाखिल करने पर 100 %।
- सीआईटी (ए) / आईटीएटी के समक्ष प्रस्तुति, अभ्यावेदन प्रस्तुत करने तथा सुनवाई की समाप्ति पर 50%।
- आदेश की प्राप्ति पर 30% और
- परिशोधन / पुनः अपील आदि की आवश्यकता वाले मुद्दों पर आदेश की समीक्षा तथा उस पर सलाह प्रदान करने पर 10%।

ग) **प्रमाणन शुल्क :** प्रमाण पत्र जारी किए जाने या बीजक (इन्वॉइस) प्राप्त होने, जो भी बाद में हो, की तारीख से एक माह के अंदर भुगतान करने का प्रस्ताव है।

फर्म द्वारा बीजक (इन्वॉइस) प्रस्तुत किए जाने के बाद संतोषप्रद ढंग से सेवाएं प्रदान करने पर भुगतान की शर्तों के अनुसार भुगतान प्रोसेस किया जाएगा।

## खंड IV
## सामान्य शर्तें एवं नियम

1. तकनीकी और वित्तीय बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख 23 मई 2019 को 11 बजे तक है। ऊपर उल्लिखित निर्धारित समय के बाद प्राप्त बोलियों पर विचार नहीं किया जाएगा।

2. तकनीकी बोली वेबसाइट https://www.tcil-india-electronictender.comपर ऑनलाइन और हार्ड कॉपी में भी प्रस्तुत करनी है। बोली दस्तावेज www.govt.tenders.nic.in पर भी उपलब्ध है। बोली प्रस्तुत करने के लिए अंतिम तारीख एवं समय पर या उससे पहले सहायक दस्तावेजों जो इसमें नीचे यथानिर्धारित फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा विधिवत रूप से प्रमाणित होनी चाहिए, के साथ बोली ऑनलाइन तथा सीलबंद लिफाफे में हार्ड कॉपी प्रस्तुत करने की आवश्यकता है। बोलीदाता कृपया नोट करें कि हार्ड कॉपी में मूल्य का कोई उल्लेख नहीं होना चाहिए।

   तैयार किए गए लिफाफे पर बोली संख्या, बोलीदाता का नाम तथा पता स्पष्ट रूप से लिखा जाना चाहिए और सीलबंद लिफाफे के शीर्ष भाग पर "प्रत्यक्ष करों के लिए परामर्शदाता के लिए तकनीकी बोली" लिखा होना चाहिए तथा बोली प्रस्तुत करने के लिए निर्धारित अंतिम तारीख एवं समय पर या उससे पहले निम्नलिखित पता पर पहुंच जाना चाहिए :

   **श्री ए एस नंदा**<br>
   **महाप्रबंधक (कराधान)**<br>
   **पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड**<br>
   **"ऊर्जानिधि", 1, बाराखंबा लेन, कनॉट प्लेस,**<br>
   **नई दिल्ली - 110 001**

3. वित्तीय बोली अनुबंध (ड.) में संलग्न फॉर्मेट में प्रस्तुत की जानी चाहिए तथा बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख से 90 दिन की अवधि के लिए मान्य होनी चाहिए। बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख को या उससे पहले वेबसाइट https://www.tcil-india-electronictender.comपर वित्तीय बोली केवल ऑनलाइन प्रस्तुत की जानी चाहिए जो विधिवत रूप से हस्ताक्षरित होनी चाहिए।

4. प्रत्येक बोलीदाता केवल एक बोली प्रस्तुत करेगा। जो बोलीदाता एक से अधिक बोली प्रस्तुत करेगा उसे अस्वीकार कर दिया जाएगा।

5. बोलीदाता से अनुबंध (घ) में यथानिर्दिष्ट वचनबंध प्रस्तुत करने की आवश्यकता होगी।

6. उद्धृत शुल्क में सभी फुटकर व्यय शामिल होने चाहिए परंतु जीएसटी शामिल नहीं होगा।

7. इस बोली के आवरण पृष्ठ पर यथाउल्लिखित निर्धारित समय पर ऊपर उल्लिखित पीएफसी के कॉर्पोरेट कार्यालय में पीएफसी ऐसे बोलीदाताओं की प्रतिनिधियों की उपस्थिति में बोलियां खोलेगा जो उपस्थित होने का विकल्प चुनेंगे। बोली खोलने की प्रक्रिया में शामिल होने के लिए बोलीदाता के एक से अधिक प्रतिनिधि को अनुमत नहीं किया जाएगा।

8. केवल ऐसे बोलीदाताओं को वित्तीय बोली खोलने की तारीख एवं समय के बारे में बाद में सूचित किया जाएगा जो तकनीकी बोली में अर्हक होंगे।

9. संपूर्ण कार्यक्षेत्र के निष्पादन के लिए कर परामर्शदाता पीएफसी की आवश्यकता के अनुसार अर्हताप्राप्त एवं अनुभवी प्रोफेशनलों की टीम स्थापित करेगा। कर परामर्शदाता आवश्यकता पड़ने पर समनुदेशन से संबंधित मामलों पर चर्चा करने के लिए पीएफसी कार्यालय में टीम की उपलब्धता का सुनिश्चय करेगा। कंपनी की पूर्व लिखित सहमति के बगैर कर परामर्शदाता न तो इस संविदा के कार्यकाल के दौरान या इसकी समाप्ति के बाद बोली दस्तावेज के तहत यथानिर्दिष्ट समनुदेशन या कंपनी के व्यवसाय या प्रचालन से संबंधित किसी प्रोपराइटरी या गोपनीय सूचना का खुलासा नहीं करेगा, केवल उसे छोड़कर जो सर्वाधिकार क्षेत्र में उपलब्ध है।

10. पीएफसी इसके कारण प्रभावित बोलीदाता या बोलीदाताओं के प्रति कोई देयता वहन किए बगैर या पीएफसी की कार्रवाई के आधारों के बारे में प्रभावित बोलीदाता (बोलीदाताओं) को सूचित करने की किसी बाध्यता के बगैर संविदा सौंपे जाने से पूर्व किसी भी समय किसी बोली को स्वीकार या अस्वीकार करने और/या बोली प्रक्रिया को निरस्त करने एवं सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

11. संविदा भारत में लागू कानूनों के अनुसरण में प्रशासित होगी तथा इसके अनुसार इसकी व्याख्या की जाएगी। संविदा के अंतर्गत उत्पन्न सभी मामलों में केवल दिल्ली के न्यायालयों का क्षेत्राधिकार होगा।

## खंड - V

## ई-टेंडरिंग के लिए बोलीदाताओं हेतु विशेष अनुदेश

**सामान्य**

विशेष अनुदेश (ई-टेंडरिंग के लिए) इन निविदा दस्तावेजों में यथाउल्लिखित 'बोलीदाताओं के लिए अनुदेश' को संपूरित करते हैं। इस निविदा के लिए ऑनलाइन बोलियां प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

पारदर्शी एवं सुरक्षित ढंग से सार्वजनिक प्रापण के संचालन के लिए ई-टेंडरिंग एक नई कार्यप्रणाली है। अब भारत सरकार ने ई-टेंडरिंग को अनिवार्य कर दिया है। आपूर्तिकर्ता / वेंडर प्रापण की इस नई प्रणाली के सबसे बड़े लाभार्थी होंगे। इलेक्ट्रानिक टेंडरिंग के संचालन के लिए पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड जो भारत सरकार का उपक्रम है, ने टीसीआईएल जो भारत सरकार का उपक्रम है, के माध्यम से पोर्टल **https://www.tcil-india-electrionictender.com** का प्रयोग करने का निर्णय लिया है। यह पोर्टल ElectronicTender® से विश्व के सर्वाधिक सुरक्षित एवं प्रयोक्ता हितैषी सॉफ्टवेयर पर आधारित है। इलेक्ट्रानिक टेंडर के सॉफ्टवेयर का प्रयोग करके निगमित पोर्टल को भी ElectronicTender System® (ईटीएस) के रूप में संदर्भित किया गया है।

पोर्टल के होम पेज पर आपूर्तिकर्ताओं को प्राप्त होने वाले लाभ रेखांकित किए गए हैं।

## अनुदेश

निविदा निमंत्रण की कार्यप्रणाली :

सीलबंद बोली प्रणाली

– *एकल चरण दो लिफाफा*

**बोलीदाता के परिप्रेक्ष्य से गतिविधियों की विस्तृत रूपरेखा :**

1. डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र (डीएससी) प्राप्त करें
2. इलेक्ट्रानिक टेंडरिंग सिस्टम (Electronic Tendering System® (ईटीएस) पर पंजीकरण कराएं
3. ईटीएस पर प्रयोक्ता सृजित करें और भूमिकाएं आवंटित करें। कम से कम एक एमए का सृजन करना अनिवार्य है
4. ईटीएस पर नोटिस आमंत्रण निविदा (एनआईटी) देखें
5. इस निविदा के लिए - एमए को निविदा खोज कोड (टीएससी) आवंटित करें
6. ईटीएस से निविदा दस्तावेजों की आधिकारिक प्रति डाउनलोड करें।

**टिप्पणी :** निविदा दस्तावेजों की आधिकारिक प्रति डाउनलोड की जाने वाली 'निविदा दस्तावेजों की नि:शुल्क प्रति' से भिन्न है। किसी निविदा में भाग लेने के लिए निविदा समाप्ति तारीख तक उस निविदा के लिए निविदा दस्तावेजों की आधिकारिक प्रति प्राप्त करना अनिवार्य है।

7. ईटीएस पर निविदा दस्तावेजों का स्पष्टीकरण
   - पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड से पूछताछ (वैकल्पिक)
   - पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत की गई पूछताछ के जवाब देखें।
8. ईटीएस पर बोली प्रस्तुत करना
9. ईटीएस पर बोली खोलने की सार्वजनिक ऑनलाइन निविदा प्रक्रिया में भाग लेना
   - बोली के संगत भाग को खोलना

10. ईटीएस पर टीओई पश्चात स्पष्टीकरण (वैकल्पिक)
   - टीओई पश्चात पूछताछ पर पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड को जवाब देना

11. ईटीएस पर बोली खोलने की सार्वजनिक ऑनलाइन निविदा प्रक्रिया में भाग लेना
   - संगत भाग (अर्थात वित्तीय भाग) का खोला जाना
     (केवल तकनीकी दृष्टि से अनुक्रियाशील बोलीदाताओं के लिए)

इस निविदा में ऑनलाइन भाग लेने के लिए कृपया निम्नलिखित अनुदेशों को ध्यान से पढ़ें। इन अनुदेशों को ईटीएस की संगत स्क्रीनों पर अधिक विस्तृत दिशानिर्देशों के माध्यम से संपूरित किया गया है।

**डिजिटल प्रमाणपत्र**

डाटा की सत्यनिष्ठा और इलेक्ट्रानिक रिकार्डों की प्रमाणिकता / गैर प्रत्याख्यान के लिए तथा आईटी अधिनियम 2000 का अनुपालक होने के लिए प्रत्येक प्रयोक्ता के लिए अनिवार्य है कि उसके पास प्रमाणन प्राधिकारी नियंत्रक (सीसीए) से लाइसेंस प्राप्त प्रमाणन प्राधिकारी (सीए) द्वारा जारी किया गया श्रेणी 2 या इससे उच्च डिजिटल प्रमाणपत्र (डीसी) हो, जिसे डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र (डीएससी) भी कहा जाता है [http://www.cca.gov.in देखें]।

**पंजीकरण**

ElectronicTender® के पोर्टल **https://www.tcil-india-electrionictender.com** का प्रयोग करने के लिए वेंडरों को पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराना होगा। प्रत्येक संगठन का पंजीकरण उसके किसी वरिष्ठ व्यक्ति द्वारा किया जाएगा जो ई-टेंडरिंग की गतिविधियों के समन्वय के लिए मुख्य व्यक्ति होगा। ईटीएस की शब्दावली में इस व्यक्ति को उस संगठन के सुपर यूजर (एसयू) के रूप में संदर्भित किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट / पोर्टल पर जाएं और होम पेज पर

'पंजीकरण' के अंतर्गत 'सप्लायर ऑर्गनाइजेशन' लिंक पर क्लिक करें तथा साइट पर दिए गए अनुदेशों का अनुसरण करें। यथालागू वार्षिक पंजीकरण शुल्क का भुगतान करें।

पंजीकरण के ब्यौरों तथा वार्षिक पंजीकरण शुल्क को सफलतापूर्वक जमा करने के बाद कृपया अपने पंजीकरण को स्वीकृत कराने / सक्रिय कराने के लिए टीसीआईएल / ईटीएस के हेल्पडेस्क (जो नीचे दिया गया है) से संपर्क करें

महत्वपूर्ण टिप्पणी : ईटीएस के प्रयोग (पंजीकरण प्रक्रिया सहित) के दौरान प्रारंभिक समस्याओं को न्यूनतम करने के लिए सिफारिश की जाती है कि प्रयोक्ता ईटीएस पर समय से पंजीकरण के लिए अनुदेशों सहित ईटीएस के होम पेज पर स्थित 'ईटीएस प्रयोक्ता मार्गदर्शन केन्द्र' के अंतर्गत दिए गए अनुदेशों का पालन करें। 'ईटीएस के प्रयोग के लिए आवश्यक कंप्यूटर सिक्योरिटी सेटिंग' तथा 'महत्वपूर्ण प्रकार्यात्मकता जांच' से संबंधित अनुदेशों को विशेष रूप से संज्ञान में लेना चाहिए।

कृपया नोट करें कि सेवा प्रदाता द्वारा आपका पंजीकरण स्वीकार हो जाने के बाद भी किसी निविदा पर रिस्पांड करने के लिए आपको अपने संगठन से संबंधित गतिविधियों जैसे कि प्रयोक्ताओं का सृजन, उनको भूमिकाएं सौंपना, आदि को पूरा करने के लिए भी समय की आवश्यकता होगी।

| टीसीआईएल / ईटीएस हेल्पडेस्क | |
|---|---|
| टेलीफोन / मोबाइल | *ग्राहक सहायता : +91-11-26241790*<br>*आपातकालीन मोबाइल नंबर : +91-9868393775, 9868393717, 9868393792* |
| ई-मेल आईडी : | *ets_support@tcil-india.com*<br>*[कृपया support@electronictender.com को सीसी मार्क करें]* |

| *पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड* | |
|---|---|
| संपर्क व्यक्ति | *अमित बजाज,* वरिष्ठ प्रबंधक *(*कराधान*)* |
| टेलीफोन / मोबाइल | 011-23456232<br><br>*(*कार्य दिवसों को *10* बजे से *17* बजे के बीच*)* |
| ई-मेल आईडी : | taxation@pfcindia.com |

**इस निविदा (सीलबंद बोली) के लिए आमंत्रण से संबंधित कुछ सूचना**

बोली प्रस्तुत करने की संपूर्ण प्रक्रिया ईटीएस पर ऑनलाइन होगी (जब तक कि ऑफलाइन प्रस्तुत करने के लिए निर्दिष्ट न किया जाए)। बोली प्रस्तुत करने की विस्तृत रूपरेखा इस प्रकार है :

- बोली के भागों / लिफाफों को प्रस्तुत करना
  - *तकनीकी भाग ऑनलाइन*
  - *वित्तीय भाग ऑनलाइन*
- *निविदा दस्तावेजों /* परिशिष्ट की डिजिटल रूप में हस्ताक्षरित प्रति प्रस्तुत करना
- सामान्य शर्तों एवं नियमों को प्रस्तुत करना (अंतर के साथ / बगैर)
- विशेष शर्तों एवं नियमों को प्रस्तुत करना (अंतर के साथ / बगैर)

ऑफलाइन प्रस्तुत करना :

*बोलीदाता से सीलबंद लिफाफे में सार्वजनिक ऑनलाइन निविदा खोलने की प्रक्रिया आरंभ होने से पूर्व निम्नलिखित दस्तावेज ऑनलाइन प्रस्तुत करने का अनुरोध किया जाता है :*

क) *बोली फार्म*

ख) *तकनीकी बोली (*बोलीदाता का ब्यौरा, पात्रता के मानदंड तथा वचनबंध*)*

*यह सीलबंद लिफाफे में सार्वजनिक ऑनलाइन निविदा खोलने की प्रक्रिया आरंभ होने से पूर्व नीचे उल्लिखित पता पर भेजा जाएगा*

***श्री ए एस नंदा***

***महाप्रबंधक (कराधान)***

***पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड***

***ऊर्जानिधि", 1, बाराखंबा लेन, कनॉट प्लेस,***

***नई दिल्ली - 110 001***

*लिफाफे पर परियोजना का नाम,* निविदा संख्या का उल्लेख होगा और 'नियत तारीख एवं समय से पूर्व न खोलें' शब्द लिखा होना चाहिए।

***टिप्पणी :*** *बोलीदाताओं को ऑनलाइन बोली प्रस्तुत करने के दौरान बोली के अनुबंध के रूप में सभी उपर्युक्त मूल दस्तावेजों की स्कैन की गई प्रतियां अपलोड करनी चाहिए।*

**बोलियों की सुरक्षा एवं पारदर्शिता पर विशेष टिप्पणी**

ईटीएस में बहुआयामी ढंग से सुरक्षा से जुड़े कार्य को कड़ाई से लागू किया गया है। इलेक्ट्रानिक टेंडर के सॉफ्टवेयर में विभिन्न चरणों पर 'सेवा प्रदाता द्वारा पंजीकरण की स्वीकृति' के साथ सुरक्षा के लिए प्रावधान किया गया है। विशेष रूप से बोली प्रस्तुत करने के लिए यहां नीचे सुरक्षा से जुडे कुछ पहलू रेखांकित किए गए हैं :

ElectronicEncrypter® के कार्य के अंग के रूप में 'ElectronicForms®' तथा 'मुख्य बोली' दोनों की अंतर्वस्तुओं को स्वयं बोलीदाता द्वारा सृजित पास फ्रेज का प्रयोग करके सुरक्षित ढंग से एनक्रिप्ट किया जाता है। पास फ्रेज जो पासवर्ड से भिन्न होता है, शब्दों के बीच स्थान के साथ अनेक शब्दों का वाक्य हो सकता है (उदाहरण के लिए (मैं इस विश्व से प्रेम करता हूं)। पास फ्रेज को याद करना आसान है तथा इसे तोड़ना अधिक कठिन है। बोली के प्रत्येक भाग के लिए अलग पास फ्रेज का सृजन करना अनिवार्य है। बोली को एनक्रिप्ट करने की इस विधि में सुरक्षा और डाटा सत्यनिष्ठा से जुड़ी कमजोरियां नहीं हैं जो ई-टेंडरिंग प्रणालियों में अंतर्निहित होती हैं जो बोली को एनक्रिप्ट करने के लिए क्रेता संगठन के निर्दिष्ट अधिकारी की पब्लिक की का प्रयोग करती हैं। ईटीएस में बोली का एनक्रिप्शन ऐसा है कि सार्वजनिक ऑनलाइन निविदा खोलने की घटना (टीओई) से पूर्व बोलियों को डिक्रिप्ट नहीं किया जा सकता है, भले ही क्रेता संगठन की संबंधित निविदा खोलने की प्रक्रिया के अधिकारियों और ई-टेंडरिंग सेवा प्रदाता के कार्मिकों के बीच मिलीभगत हो।

चेतावनी : प्रत्येक बोलीदाताओं को बोली के प्रत्येक भाग के लिए ध्यान से और ईमानदारीपूर्वक ElectronicForms® भरना चाहिए तथा ElectronicForms® एवं तद्रूपी मुख्य बोली में उल्लिखित सूचना के बीच किसी विसंगति से बचना चाहिए। पारदर्शिता के लिए ElectronicForms® में बोलीदाता द्वारा प्रस्तुत की गई सूचना ऑनलाइन सार्वजनिक टीओई के दौरान अन्य बोलीदाताओं को उपलब्ध कराई जाती है। यदि ऑनलाइन सार्वजनिक टीओई के दौरान यह पाया जाता है कि

बोलीदाता ने ElectronicForms® में पूर्ण सूचना नहीं भरी है तो टीओई उक्त बोलीदाता की तद्रूपी मुख्य बोली को अधिकारी बोलीदाता के जोखिम पर डाउनलोड करने के लिए उपलब्ध करा सकता है। यदि ElectronicForms® तथा मुख्य बोली में निहित सूचना के बीच अंतर नोट किया जाता है तो ElectronicForms® की अंतर्वस्तुएं मान्य होंगी। विकल्प के तौर पर क्रेता संगठन संक्षिप्त सूची तैयार करने के प्रयोजनार्थ सूचना के दो नगों में से उच्चतर नग (उदाहरण के लिए उच्चतर मूल्य) तथा उस बोलीदाता को वह निविदा प्रदान किए जाने की स्थिति में भुगतान के प्रयोजनार्थ सूचना के दो नगों में से निम्नतर नग (उदाहरण के लिए निम्नतर मूल्य) पर विचार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

विशेष रूप से किसी खास सार्वजनिक ऑनलाइन निविदा खोलने की घटना (टीओई) के दौरान खोली जाने वाली निविदा के भाग का पास फ्रेज स्वयं टीओई के दौरान प्रत्येक बोलीदाता द्वारा ऑनलाइन प्रस्तुत किया जाता है, जब निविदा खोलने से संबंधित अधिकारी द्वारा इसकी मांग की जाती है।

**इसके अतिरिक्त बोलीदाता यह सुनिश्चित करेगा कि बोली के संगत भाग को डिक्रिप्ट करने के लिए पास फ्रेज निविदा खोलने की घटना (टीओई) की प्रारंभ तारीख एवं समय से पहले अलग सीलबंद लिफाफे में पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड को प्रस्तु किया जाता है।**

आपूर्तिकर्ता संगठन के क्लाइंट इंड कंप्यूटर से ई-टेंडरिंग सर्वर / पोर्टल पर भेजने के दौरान एसएसएल एनक्रिप्शन में एक अतिरिक्त सुरक्षा है।

**सार्वजनिक ऑनलाइन निविदा खोलने की घटना (टीओई)**

ईटीएस 'सार्वजनिक ऑनलाइन निविदा खोलने की घटना (टीओई)' के लिए एक अनोखी सुविधा प्रदान करता है। निविदा खोलने वाले अधिकारी तथा बोलीदाताओं के अधिकृत प्रतिनिधि अपने कार्यालयों की सुविधा से सार्वजनिक ऑनलाइन निविदा खोलने की घटना (टीओई) में एकसाथ भाग ले सकते हैं। विकल्प के तौर पर बोलीदाताओं (अर्थात आपूर्तिकर्ता संगठन) के विधिवत रूप से अधिकृत एक / दो प्रतिनिधियों से वायरलेस इंटरनेट कनेक्शन के साथ अपने साथ लैपटॉप लाने का अनुरोध किया जाता है, यदि सार्वजनिक ऑनलाइन टीओई के लिए पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के कार्यालय में आना चाहते हैं।

प्रतिभागी बोलीदाताओं के प्रतिनिधियों की एकसाथ ऑनलाइन मौजूदगी में टीओई के अधिकृत अधिकारी (अधिकारियों) द्वारा खोली गई प्रत्येक बोली पर डिजिटल काउंटर हस्ताक्षर सहित पारदर्शी एवं सुरक्षित सार्वजनिक ऑनलाइन निविदा खोलने की घटना (टीओई) के लिए प्रत्येक कानूनी आवश्यकता को ईटीएस पर लागू किया गया है।

स्वयं टीओई के दौरान या निविदा दस्तावेजों में निर्धारित वैकल्पिक विधियों के अनुसार स्वयं बोलीदाता द्वारा यथाप्रस्तुत समतुल्य पास फ्रेज से बोली के डिक्रिप्शन के तुरंत बाद बोलियों के

प्रमुख बिंदु (क्रेता संगठन द्वारा यथा चिह्नित) सभी प्रतिभागी बोलीदाताओं द्वारा डाउनलोड किए जाने के लिए एकसाथ उपलब्ध कराए जाते हैं। इस प्रकार दस्ती रूप से बोली खोलने की घटना के दौरान नोट करने के नीरस कार्य को सार्वजनिक ऑनलाइन निविदा खोलने की घटना (टीओई) के इस श्रेष्ठ एवं सुविधाजनक रूप से प्रतिस्थापित किया गया है।

ईटीएस के पास 'ऑनलाइन तुलना चार्ट' की एक अनोखी सुविधा है जो प्रत्येक ऑनलाइन बोली को खोलने पर गतिशील रूप में अपडेट हो जाता है। चार्ट का फॉर्मेट निविदा के प्रत्येक बोली भाग के लिए क्रेता द्वारा प्रदान किए गए इनपुट पर आधारित है। तुलना चार्ट में प्रदान की गई सूचना बोलीदाताओं द्वारा प्रस्तुत किए गए डाटा पर आधारित है। विस्तृत तकनीकी और/या वित्तीय तुलना चार्ट से पारदर्शिता बढ़ जाती है। संगत स्क्रीनों पर विस्तृत अनुदेश दिए गए हैं।

ईटीएस में 'ऑनलाइन निविदा खोलने की घटना (टीओई) का कार्यवृत्त' शीर्षक से एक विस्तृत रिपोर्ट की अनोखी सुविधा है जिसमें 'ऑनलाइन निविदा खोलने की घटना (टीओई)' की सभी महत्वपूर्ण गतिविधियों को शामिल किया गया है। यह देखने / डाउनलोड करने के लिए सभी प्रतिभागी बोलीदाताओं को उपलब्ध है।

ईटीएस पर अनेक और सुविधाएं एवं विशेषताएं हैं। किसी विशेष निविदा के लिए आपूर्तिकर्ता द्वारा देखे गए स्क्रीन संबंधित क्रेता द्वारा चुने गए विकल्पों पर निर्भर होंगे।

**अन्य अनुदेश**

अधिक अनुदेशों के लिए वेंडर को पोर्टल **https://www.tcil-india-electrionictender.com** के होम पेज पर जाना चाहिए तथा **प्रयोक्ता मार्गदर्शन केन्द्र** पर जाना चाहिए

'ईटीएस प्रयोक्ता मार्गदर्शन केन्द्र' के माध्यम से सहायता के लिए प्रदान की गई सूचना तीन श्रेणियों में उपलब्ध है - पंजीकरण कराने के इच्छुक प्रयोग्ता / पहली बार प्रयोक्ता, क्रेता संगठनों के लाग्ड इन प्रयोक्ता और आपूर्तिकर्ता संगठनों के लाग्ड इन प्रयोक्ता। तीनों श्रेणियों में से प्रत्येक के अंतर्गत विभिन्न लिंक (प्रयोक्ता मैनुअल के लिए लिंक सहित) उपलब्ध कराए गए हैं।

**महत्वपूर्ण टिप्पणी** : पुरजोर सिफारिश की जाती है कि आपूर्तिकर्ता संगठनों के अधिकृत प्रयोक्ताओं को संगत लिंक के अंतर्गत प्रदान की गई सूचना का बारीकी से अनुसरण करना चाहिए तथा उपयुक्त कदम उठाना चाहिए। इससे ईटीएस के प्रयोग के दौरान गड़बड़ियां रुकेंगी तथा प्रारंभिक समस्याएं कम से कम होंगी।

**<u>बोलीदाताओं के लिए 'क्या करें और क्या न करें' से जुड़ी सात महत्वपूर्ण बातें</u>**

विशेष रूप से आपूर्तिकर्ता संगठनों के लिए निम्नलिखित **'बोलीदाताओं के लिए सात प्रमुख अनुदेश'** का अध्यवसाय के साथ अनुसरण किया जाना चाहिए :

1. ईटीएस पर अपनी पहली निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख से पहले ही अपना डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र (डीएसी या डीसी) प्राप्त करें।

2. ईटीएस पर अपनी पहली निविदा के लिए महत्वपूर्ण डेडलाइन अर्थात 'निविदा दस्तावेज प्राप्त करने की अंतिम तारीख एवं समय' और 'बोली प्राप्त करने की अंतिम तारीख एवं समय' से काफी पहले अपने संगठन का पंजीकरण कराएं। कृपया नोट करें कि सेवा प्रदाता द्वारा आपके पंजीकरण की स्वीकृति के बाद भी किसी निविदा पर रिस्पांड करने के लिए आपको अपने संगठन से संबंधित गतिविधियों जैसे कि विपणन प्राधिकारी (एमए) [अर्थात निविदाओं पर रिस्पांड करने के लिए जिम्मेदार आपूर्तिकर्ता / बोलीदाता संगठन के अंदर विभाग], ऐसे एक या अधिक एमए के लिए प्रयोक्ता, उनको भूमिकाएं सौंपना आदि पूर्ण करने के लिए भी समय की आवश्यकता होगी। कम से कम एक एमए का सृजन करना अनिवार्य है। एमए का सृजन करने की यह अनोखी विशेषता आपूर्तिकर्ता / बोलीदाता संगठन के अंदर सुरक्षा एवं जवाबदेही बढ़ाती है।

3. ईटीएस पर अपनी पहली निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम समय सीमा से काफी पहले अपने संगठन के संबंधित कार्यपालकों का ईटीएस पर प्रशिक्षण कराएं।

4. किसी विशेष निविदा पर रिस्पांड करने के लिए किसी एमए को निविदा (अर्थात उसका निविदा खोज कोड अथवा टीएससी) आवंटित करना होगा। इसके अलावा निविदा दस्तावेज प्राप्त करने की अंतिम तारीख एवं समय की समाप्ति से पूर्व 'निविदा दस्तावेजों की आधिकारिक प्रति' प्राप्त / डाउनलोड की जानी चाहिए। <u>टिप्पणी :</u> निविदा दस्तावेजों की आधिकारिक प्रति डाउनलोड की जाने वाली 'निविदा दस्तावेजों की नि:शुल्क प्रति' से भिन्न है। निविदा दस्तावेजों की आधिकारिक प्रति पेपर आधारित मैनुअल टेंडरिंग प्रणाली में आधिकारिक रसीद के साथ निविदा दस्तावेजों की भौतिक प्रति प्राप्त करने के समतुल्य है।

5. ईटीएस पर निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम समय सीमा से काफी पहले अपनी बोली प्रस्तुत करें (इंटरनेट के टाइमआउट, ब्रेकडाउन आदि के कारण आखिरी क्षण में बोली प्रस्तुत करने में समस्याएं आ सकती हैं)।

6. उस बोलीदाता द्वारा प्रस्तुत की गई बोली के प्रत्येक भाग के लिए पास फ्रेज को याद रखना तथा सुरक्षित ढंग से भंडारित करना प्रत्येक बोलीदाता की जिम्मेदारी है। यदि कोई बोलीदाता बोली प्रस्तुत करने की अंतिम समय सीमा समाप्त होने से पूर्व अपना पास फ्रेज भूल जाता है तो

बोली प्रस्तुत करने के ओवरव्यू पेज से बोलीदाता को पिछली प्रस्तुति को निरस्त करने तथा नए पास फ्रेज के साथ नई बोली प्रस्तुत करने की सुविधा प्रदान की जाती है।

7. ईटीएस ऑनलाइन सार्वजनिक निविदा खोलने की घटना (टीओई) के दौरान आपकी बोली खोलने के लिए तभी उपलब्ध कराएगा जब समग्र बोली प्रस्तुत करने से संबंधित आपका स्टेटस पूर्ण होगा। आप अपने रिकार्ड के लिए 'अंतिम प्रस्तुति रसीद' की प्रति सृजित एवं सेव कर सकते हैं। यह रसीद बोली प्रस्तुत करने के ओवरव्यू पेज से तभी सृजित की जा सकती है जब समग्र बोली प्रस्तुत करने से संबंधित स्टेटस पूर्ण होगा।

**टिप्पणी :**

***यद्यपि उपर्युक्त पहले तीन अनुदेश ईटीएस का पहली बार प्रयोग करने वाले प्रयोक्ताओं के लिए विशेष रूप से प्रासंगिक हैं,*** **परंतु चौथा, पांचवां, छठां और सातवां अनुदेश हर बार के लिए प्रासंगिक हैं।**

**बोलीदाता की ओर से न्यूनतम आवश्यकताएं**

- अच्छे कनफिगरेशन के साथ कंप्यूटर सिस्टम (मिन पीआईवी, 1 जीबी रैम, सर्विस पैक 3 के साथ विंडो एक्सपी)
- ब्राडबैंड कनेक्टिविटी
- माइक्रोसॉफ्ट इंटरनेट एक्सप्लोरर 6.0 या उच्चतर
- डिजिटल प्रमाणपत्र

**अनुलग्नक-क**

**तकनीकी बोली**

**बोली फॉर्म**
**(ऑनलाइन और हार्ड कॉपी दोनों)**
**(फर्म के लेटर हेड पर प्रस्तुत की जाएगी तथा उस पर अधिकृत भागीदार द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे)**

सेवा में
महाप्रबंधक (कराधान)
पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड
'ऊर्जानिधि' 1, बाराखंबा लेन,
कनाट प्लेस,
नई दिल्ली - 110 001

**विषय : प्रत्यक्ष कर मामलों के लिए परामर्शदाता की नियुक्ति**
**संदर्भ :04:03:11:10:1:20:खंड-I दिनांक 07 मई, 2019**

महोदय,

बोली दस्तावेजों जिसकी प्राप्ति इसके द्वारा विधिवत रूप से अभिस्वीकार की गई है, की जांच करने के बाद हम, अधोहस्ताक्षरी, निविदा में उल्लिखित कार्यक्षेत्र के अनुसार तथा बोली दस्तावेजों के अनुरूप पीएफसी, कॉर्पोरेट कार्यालय, ऊर्जानिधि, 1, बाराखंबा लेन, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली - 110001 में प्रत्यक्ष करों के लिए प्रतिधारण आधार पर परामर्शदाता के रूप में सेवाएं प्रदान करने का प्रस्ताव करते हैं।

अपनी बोली स्वीकृत होने की स्थिति में हम बोली दस्तावेज में निर्दिष्ट निविदा की निबंधन एवं शर्तों के अनुसरण में सेवाएं प्रदान करने का वचन देते हैं।

हम बोली खोलने के लिए निर्धारित तारीख के बाद 90 दिन की अवधि के लिए इस बोली का अनुपालन करने के लिए सहमत हैं और यह हमारे लिए बाध्यकारी बनी रहेगी तथा इस अवधि की समाप्ति से पूर्व किसी भी समय स्वीकार की जा सकती है। मैं / हम वचन देता हूं / देते हैं कि वैधता अवधि पूरी होने पर, जब तक मैं / हम 7 कार्य दिन का नोटिस देकर लिखित रूप में अपनी बोली वापस नहीं लेता हूं / लेते हैं तब तक यह ऐसे समय तक मान्य समझी जाएगी जब मैं / हम अपनी बोली औपचारिक रूप से वापस लेता हूं / लेते हैं।

1. हम घोषणा करते हैं :

(i) कि हमारे पास बोली दस्तावेज में यथानिर्दिष्ट अर्हताप्राप्त चार्टर्ड एकाउंटेंट्स की टीम है तथा जनशक्ति सहित अवसंरचना सुविधाएं हैं जिनके पास प्रत्यक्ष करों के क्षेत्र में विशेषज्ञता है।

(ii) कि बोली दस्तावेज में निर्दिष्ट प्रत्यक्ष करों में हमारी फर्म के पास प्रासंगिक अनुभव एवं विशेषज्ञता है।

2. हम इसके द्वारा वित्तीय बोली (अनुबंध ड.) में उल्लिखित कीमतों एवं शुल्क पर प्रत्यक्ष करों के लिए कर परामर्शदाता के रूप में सेवाएं प्रदान करने का प्रस्ताव करते हैं।

3. हम इसके साथ आपकी अपेक्षा के अनुसार तथा बोली दस्तावेज में यथानिर्दिष्ट पूर्ण तकनीकी बोली संलग्न कर रहे हैं।

4. प्रमाणित किया जाता है कि बोलीदाता :
पार्टनरशिप फर्म / एलएलपी है तथा बोली दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने वाला व्यक्ति फर्म का भागीदार है और भागीदारी करार / सामान्य पावर ऑफ अटार्नी के माध्यम से भागीदारी के व्यवसाय से संबंधित मध्यस्थता के विवादों को रेफर करने के लिए उसके पास प्राधिकार है।

5. हम इसके द्वारा वचन देते हैं कि जब तक औपचारिक नियुक्ति पत्र तैयार एवं निष्पादित नहीं हो जाता है, इस बोली की लिखित रूप में आपकी स्वीकृति तथा कर परामर्श का कार्य सौंपे जाने का मंशा पत्र सौंपे जाने के साथ यह बोली हमारे बीच बाध्यकारी संविदा का निर्माण करेगी।

आज ................ दिनांक ________ 2019 बोलीदाता के हस्ताक्षर

(पूर्ण पता तथा फर्म की मुहर सहित)

संलग्नकों का ब्यौरा

**अनुलग्नक- ख**

**तकनीकी बोली**

**बोलीदाता के ब्यौरे**

**(ऑनलाइन और हार्ड कॉपी दोनों)**

**(रिस्पांस दस्तावेज प्रस्तुत करने वाली फर्म के लेटर हेड पर)**

| **क्र. सं.** | **विवरण** | **ब्यौरा (बोलीदाता द्वारा भरा जाए)** |
|---|---|---|
| 1 | फर्म का नाम | |
| 2 | आधिकारिक पता | |
| 3 | फोन नंबर एवं फैक्स नंबर | |
| 4 | ई-मेल पता | |
| 5 | वेबसाइट का पता | |
| 6 | अधिकृत प्रतिनिधि का नाम | |
| 7 | अधिकृत प्रतिनिधि का पता | |
| 8 | अधिकृत प्रतिनिधि का मोबाइल नंबर | |
| 9 | अधिकृत प्रतिनिधि का ईमेल | |
| 10 | फर्म का संक्षिप्त विवरण जिसमें पार्टनर हैंडल किए गए प्रमुख ग्राहकों, विशेषज्ञता, उपलब्धियों के ब्यौरे तथा फर्म के बारे में अन्य संगत सूचना शामिल है। | **टिप्पणी : इस फार्म में भरे गए ब्यौरों के साथ पर्याप्त दस्तावेजी साक्ष्य होने चाहिए ताकि सूचना की प्रमाणिकता एवं सटीकता का सत्यापन किया जा सके।** |

बोलीदाता के हस्ताक्षर

(फर्म की मुहर सहित)

**अनुलग्नक - ग**

## तकनीकी बोली

## पात्रता के मानदंड
## (ऑनलाइन और हार्ड कॉपी दोनों)
## (रिस्पांस दस्तावेज प्रस्तुत करने वाली फर्म के लेटर हेड पर)

इस फॉर्म में भरे गए ब्यौरों के साथ पर्याप्त दस्तावेजी साक्ष्य होने चाहिए ताकि सूचना की प्रमाणिकता एवं सटीकता का सत्यापन किया जा सके।

| क्र. सं. | पात्रता के मापदंड | पात्रता (हां / नहीं) | पात्रता के एक से अधिक मानदंडों के मामले में कृपया वास्तविक संख्या का उल्लेख करें | संलग्न दस्तावेजी प्रमाण (हां / नहीं) | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बोलीदाता न्यूनतम 12 साल के अनुभव के साथ आईसीएआई के यहां पंजीकृत प्रतिष्ठित चार्टर्ड एकाउंटेंसी फर्म होनी चाहिए तथा दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में आधारित होनी चाहिए। 12 साल के अनुभव के लिए अधिकतम अंक 5 होंगे। अनुभव के प्रत्येक अतिरिक्त कुल वर्ष के लिए अधिकतम 10 अंक के अधीन 1 अतिरिक्त अंक प्रदान किया जाएगा। | | | | |
| 2. | कम से कम 6 भागीदारों के साथ कम से कम 2 भागीदार जिनके पास कराधान के क्षेत्र में कम से कम 10 साल का अनुभव हो। इस मानदंड के लिए अधिकतम अंक 15 होंगे। 6 के बाद प्रत्येक अतिरिक्त भागीदार के लिए अधिकतम 20 अंक के अधीन 1 | | | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | अतिरिक्त अंक प्रदान किया जाएगा। | | | | |
| 3. | न्यूनतम 8 वेतनभोगी अर्हताप्राप्त चार्टर्ड एकाउंटेंट (भागीदारों से भिन्न) या अधिवक्ता जिनमें से 4 के पास कराधान के क्षेत्र में कम से कम 5 साल का अनुभव होना चाहिए। इस मानदंड के लिए अधिकतम अंक 15 होंगे। 8 के बाद प्रत्येक अतिरिक्त वेतनभोगी अर्हताप्राप्त चार्टर्ड एकाउंटेंट/ अधिवक्ता के लिए अधिकतम 20 अंक के अधीन 1 अतिरिक्त अंक प्रदान किया जाएगा। | | | | |
| 4. | मौजूदा भागीदार / वेतनभोगी प्रोफेशनल जिनके पास पिछले चार वर्षों में आईटीएटी / एएआर एवं इससे उच्च स्तर पर निर्णीत किए गए कम से कम 5 मामलों को संभालने का अनुभव है। इस मानदंड के लिए अधिकतम अंक 15 होंगे, पिछले चार वर्षों में संभाले गए प्रत्येक अतिरिक्त मामले के लिए अधिकतम 20 अंक के अधीन 2 अतिरिक्त अंक प्रदान किए जाएंगे। | | | | |
| 5. | बोलीदाता द्वारा पिछले 4 वर्षों में कम से कम 1 वर्ष की सतत अवधि के लिए प्रतिधारण आधार पर 1000 करोड़ रुपए से अधिक वार्षिक राजस्व वाले कम से कम दो महारत्न / नवरत्न / मिनीरत्न पीएसयू / अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक / सूचीबद्ध वित्तीय संस्था / एनबीएफसी / पब्लिक लिमिटेड कंपनी के समान समनुदेशन हाथ में लिया गया होना चाहिए। इस मानदंड के लिए अधिकतम अंक 15 होंगे। पिछले 4 वर्षों के दौरान कम से कम एक साल की सतत अवधि के लिए संभाले गए प्रत्येक अतिरिक्त समान समनुदेशन के लिए | | | | |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | अधिकतम 20 अंक के अधीन 1 अतिरिक्त अंक प्रदान किया जाएगा। | | | | |
| 6. | बोलीदाता का पिछले 4 (चार) पूरे किए गए वित्तीय वर्षों के दौरान औसत वार्षिक सकल प्राप्ति / करोबार 2 (दो) करोड़ रुपए होना चाहिए। इस मानदंड के लिए अधिकतम अंक 5 होंगे। 1 (एक) करोड़ रुपए के प्रत्येक अतिरिक्त पूर्ण कारोबार के लिए अधिकतम 10 अंक के अधीन 1 अतिरिक्त अंक प्रदान किया जाएगा। | | | | |

**टिप्पणी :**

(क) पीएफसी पात्रता के मानदंडों के उपर्युक्त खंडों के समर्थन में बोलीदाताओं द्वारा प्रस्तुत सभी मूल दस्तावेजी साक्ष्य का सत्यापन / पुष्टि करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

(ख) वर्ष का अभिप्राय पूर्ण वित्तीय वर्ष से है।

**अनुलग्नक - घ**

## तकनीकी बोली

## कार्यक्षेत्र तथा बोली दस्तावेज की निबंधन एवं शर्तों के अनुपालन पर वचनबंध (ऑनलाइन और हार्ड कॉपी दोनों)

मैं / हम इसके द्वारा वचन देता हूं / देते हैं कि मैंने / हमने निविदा संख्या 04:03:11:10:1:20:खंड-□ दिनांक 7 मई 2019 तथा किसी शुद्धि पत्र / परिशिष्ट / स्पष्टीकरण आदि की पूरी तरह जांच कर ली है, अवलोकन कर लिया है, अध्ययन कर लिया है एवं समझ लिया है तथा उक्त दस्तावेजों के अवलोकन में और किसी सारवान और/या अन्य अंतर के बगैर अपनी बोली प्रस्तुत की है।

मैं / हम इसके द्वारा वचन देता हूं / देते हैं कि मैं / हम यह समझता हूं / समझते हैं कि इस बोली का कार्यक्षेत्र एवं आवश्यकता केवल सांकेतिक है, न कि किसी भी ढंग से परिपूर्ण है और यह कि पीएफसी द्वारा अपने विवेक पर अंतिम कार्यक्षेत्र तथा विनिर्देशन के बारे में निर्णय लिया जाएगा।

मैं / हम इसके द्वारा वचन देता हूं / देते हैं कि हम कार्यक्षेत्र एवं आवश्यकताओं तथा निविदा की शर्तों एवं नियमों का पूरी तरह पालन करेंगे और हमारी / मेरी ओर से इस संबंध में किसी ढंग और/या प्रकार और/या तरह का कोई अंतर और/या निवेदन और/या स्पष्टीकरण नहीं है।

मैं / हम इसके द्वारा अपेक्षित होने पर और/या पीएफसी द्वारा मांग किए जाने पर अपेक्षित सेवाएं प्रदान करने का वचन देता हूं / देते हैं।

मैं / हम इसके द्वारा वचन देता हूं / देते हैं कि मैं / हम समझता हूं / समझते हैं कि पीएफसी इस निविदा दस्तावेज के खंड 1 में यथाउल्लिखित कार्यक्षेत्र एवं आवश्यकताओं के लिए अलग निविदा प्रकाशित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है, इस निविदा का परिणाम जो भी हो। मैं / हम समझता हूं / समझते हैं कि ऐसी स्थिति में मैं / हम उस निविदा के लिए अलग से बोली प्रस्तुत करूंगा / करेंगे तथा किसी भी स्थिति में इस निविदा के लिए हमारी बोली को उक्त निविदा के लिए बोली के रूप में नहीं समझा जाएगा।

मैं / हम इसके द्वारा वचन देता हूं / देते हैं कि मैं / हम यह समझता हूं / समझते हैं कि मेरी / हमारी बोली निविदा दस्तावेज के अनुसार होनी चाहिए तथा तद्नुसार पीएफसी को प्रस्तुत की जानी चाहिए। अनुपालन करने में किसी विफलता और/या किसी अंतर की स्थिति में पीएफसी ने उपर्युक्त निविदा के लिए मेरी / हमारी बोली पर विचार करने / अयोग्य ठहराने का एकल विवेकाधिकार प्राप्त किया है और इस पर मेरा / हमारा किसी प्रकार / तरह / रूप का कोई दावा नहीं होगा।

यदि मैं / हम सफल बोलीदाता होता हूं / होते हैं तो मैं / हम इसके द्वारा वचन देता हूं / देते हैं कि यदि सीआईटी (ए) / आईटीएटी के समक्ष अपील के लिए मेरे / हमारे द्वारा उद्धृत शुल्क (खंड 1 में यथाउल्लिखित कार्यक्षेत्र का भाग क) और/या प्रमाणन शुल्क (खंड 1 में यथाउल्लिखित कार्यक्षेत्र का भाग ग) न्यूनतम नहीं है तो मैं / हम खंड 1 के भाग ख और/या ग में यथाउल्लिखित कार्यक्षेत्र के लिए तकनीकी दृष्टि से अर्हताप्राप्त सभी बोलीदाताओं में से किसी बोलीदाता द्वारा उद्धृत न्यूनतम शुल्क से मैच करने के लिए सहमत हूं / हैं।

मैं / हम बोली खोलने के लिए निर्धारित तारीख के बाद 90 दिन की अवधि के लिए इस बोली से बंधे रहने के लिए सहमत हूं / हैं तथा यह हम पर बाध्यकारी बनी रहेगी और इस अवधि की समाप्ति से पहले किसी समय तथा 7 कार्य दिन का लिखित रूप में नोटिस देकर अपनी / हमारी बोली को औपचारिक रूप से वापस लेने की 90 दिन की वैधता अवधि समाप्त होने के बाद तक निविदा दस्तावेज में यथानिर्दिष्ट संबद्ध शर्तों एवं नियमों पर स्वीकार की जा सकती है तथा ऐसे सभी मामलों में मेरी / हमारी बोली को मान्य समझा जाएगा।

मैं / हम इसके द्वारा मेरी / हमारी ओर से इस संबंध में किसी ढंग और/या प्रकार और/या तरह के किसी विचलन और/या निवेदन और/या स्पष्टीकरण के बगैर तकनीकी बोली की शर्तों एवं नियमों तथा निविदा के विनिर्देशनों की स्वीकृति के रूप में विधिवत रूप से हस्ताक्षरित मुहर लगे बोली दस्तावेज संलग्न कर रहा हूं / रहे हैं।

मैं / हम इसके द्वारा वचन देता हूं / देते हैं कि मेरी / हमारी बोली में मेरे / हमारे द्वारा यथाप्रस्तुत मुद्रित निबंधन एवं शर्तें और/या निवेदन और/या स्पष्टीकरण पर मेरी / हमारी बोली के अंग के रूप में विचार नहीं किया जाएगा तथा मेरी / हमारी बोली के स्वीकार होने और/या पीएफसी द्वारा मुझे / हमें संविदा सौंपे जाने की स्थिति में पीएफसी पर बाध्यकारी नहीं होंगे।

मैं / हम इसके द्वारा घोषणा करता हूं / करते हैं कि हमारी फर्म को पिछले 5 वित्तीय वर्षों की अवधि के दौरान पीएसयू सहित किसी सरकार या सरकारी एजेंसियों द्वारा काली सूची में नहीं डाला गया है, प्रतिबंधित नहीं किया गया है, रोका नहीं गया है या अयोग्य नहीं ठहराया गया है।

मैं / हम इसके द्वारा पुष्टि करता हूं / करते हैं कि हमारी बोली निविदा दस्तावेज में यथानिर्दिष्ट समवत अवधि सहित अवधि के लिए मान्य है।

अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता के हस्ताक्षर :
हस्ताक्षरकर्ता का नाम :
तारीख :
स्थान :
फर्म का नाम एवं मुहर

**अनुलग्नक - ङ**

## वित्तीय बोली - मूल्य अनुसूची
**(केवल ऑनलाइन)**

**<u>प्रत्यक्ष करों के लिए परामर्शदाता के रूप में नियुक्ति के लिए वित्तीय बोली</u>**

| क्र. सं. | कार्य का क्षेत्र | भुगतान की शर्तें | राशि (रुपए में) अंकों में* | राशि (रुपए में) शब्दों में* |
|---|---|---|---|---|
| 1 | खंड 1 के भाग क में यथाउल्लिखित **प्रत्यक्ष कर मामले।** | **i) एकमुश्त शुल्क प्रति वर्ष**<br>(प्रत्येक तिमाही के अंत में समान 4 (चार) किस्तों में देय) | | |
| 2. | खंड 1 के भाग ख में यथा उल्लिखित **अपील के मामले** | **प्रति अपील** राशि जो निम्नानुसार देय होगी :<br>• अपील का आधार और/या तथ्यों का विवरण तैयार करने और सीआईटी (ए) / आईटीएटी के समक्ष दाखिल करने पर 100 %।<br>• सीआईटी (ए) / आईटीएटी के समक्ष प्रस्तुति, अभिवेदन दाखिल करने तथा सुनवाई की समाप्ति पर 50 प्रतिशत।<br>• आदेश की प्राप्ति पर 30%<br>• परिशोधन / पुन: अपील आदि की आवश्यकता वाले मुद्दों पर आदेश की समीक्षा तथा उस पर सलाह प्रदान करने पर 10%। | | |
| 3. | खंड 1 के भाग ग में यथाउल्लिखित **प्रमाणन का कार्य** | • **प्रति प्रमाणपत्र**<br>(प्रमाण पत्र जारी किए जाने या बीजक प्राप्त होने, जो भी बाद में हो, की तारीख से एक माह के अंदर देय) | | |

*उद्धृत शुल्क में सभी फुटकर व्यय, आनुषंगिक व्यय, शुल्क आदि शामिल हैं (जीएसटी को छोड़कर)।

हस्ताक्षर अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता
हस्ताक्षरकर्ता का नाम :
तारीख :
स्थान :
फर्म का नाम एवं मुहर

**<u>नोट: किसी भी विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा|</u>**